हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 6.3 डिग्री

11 एमडीयू खेल उड़ान : 1.25 करोड़ के नगद ...



12 सभी पशुओं के स्वास्थ्य की गांवों में जाकर मेडिकल ...




## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- पं नेकीराम कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता।
- दुर्गा भवन मंदिर में रक्तदान शिविर।
- 14 नेत्रहीन कन्याओं का विवाह हनुमान मंदिर गोकर्ण पर।

## खबर संक्षेप

### थार ने युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 9 चुलियाण मोड़ के पास थार गाड़ी ने रोड क्रॉस करते हुए एक युवक को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अटायल निवासी सुनील के बयान पर अज्ञात थार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। सुनील ने बताया कि यूपी के जिला मुरादाबाद के नया बास गांव निवासी विकास उसके पास आया था। चुलियाणा मोड़ पर मार्ग क्रॉस कर रहे थे। तभी थार चालक ने टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

### मोटर साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को हल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि कमला नगर निवासी राजेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 6 नवम्बर को राजेश नया बस स्टैंड के पास स्थित अपनी दुकान में आया हुआ था। राजेश अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दुकान मे चला गया। अज्ञात युवक मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पत्र जारी

**रोहतक।** जिला के गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 वीं में दाखिले के लिए 13 दिसंबर 2025 को चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी) होगी। प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि वर्ष 2025 में दाखिले के लिए 80 सीटों पर प्रवेश के लिए रोहतक जिला के अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रवेश-पत्र वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

अन्य खिलाड़ियों ने पोल को ऊपर से तुरंत उठा दिया, लेकिन नहीं बचा, सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पूरी घटना

# लाखन माजरा में ग्राउंड पर प्रैक्टिस कर रहे 16 वर्षीय खिलाड़ी के ऊपर बास्केटबॉल पोल गिरने से मौत

हार्दिक बास्केटबॉल का बेहतरीन खिलाड़ी था, इंडिया की टीम में उसका चयन हो चुका था

*युवक बास्केटबॉल के पोल पर लटककर व्यायाम कर रहा था तभी हुआ हादसा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम





महम। बास्केट बॉल ग्राउंड पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरें।

फोटो : हरिभूमि

लाखन माजरा गांव में खेल के मैदान पर प्रैक्टिस कर रहे एक 16 वर्षीय खिलाड़ी हार्दिक की दर्दनाक मौत हो गई। हार्दिक बास्केटबॉल के पोल पर लटककर व्यायाम कर रहा था। इस दौरान बास्केटबॉल का पोल टूटकर किशोर की छाती पर गिर गया। मैदान में प्रैक्टिस कर रहे अन्य खिलाड़ियों ने देखा तो उन्होंने तुरंत दौड़कर उसे उठा लिया। लेकिन पोल में वजन ज्यादा होने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पूरी वारदात वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। खिलाड़ी हार्दिक ग्राउंड पर अभ्यास के दौरान काफी एक्टिव दिखाई दे रहा है और काफी उछल कूद कर रहा है। वह अपने आपको वार्म अप करने के लिए बास्केट बॉल के पोल पर लटक रहा है। पहली बार जब वह पोल पर लटकता है तो पोल नहीं टूटता। जब दूसरी बार पोल पर लटका तो पोल पूरी तरह खिलाड़ी के ऊपर ही गिर गया। सूचना मिलते ही लाखन माजरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हार्दिक बास्केटबॉल का बेहतरीन खिलाड़ी था। इंडिया की टीम में उसका चयन हो चुका था। इंडिया टीम के कैंप से वापस लौटा था। अब खेलों की तैयारी में जुटा हुआ था। उसका एक छोटा भाई है, वह भी बास्केटबॉल का बढ़िया खिलाड़ी है। लाखन माजरा गांव की शामलाती जमीन में गांव के युवा स्पोर्ट्स क्लब ने बास्केट बॉल का ग्राउंड बनाया हुआ है। खिलाड़ियों ने ही यहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाया हुआ है। पिछले कई साल से यहां पर गांव के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। इस ग्राउंड पर खेलकर कई खिलाड़ी गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। हार्दिक के पिता संदीप राठी ने भी अपने दोनों बेटों को बास्केटबॉल की प्रेक्टिस के लिए यहां कोच के पास छोड रखा था। पिता को उम्मीद थी कि उसका बड़ा बेटा जल्द ही देश के लिए मेडल जीतकर लाएगा।



हार्दिक

### रोज करते थे प्रैक्टिस

लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। रोजाना बास्केटबॉल के पोल पर दूसरे खिलाड़ी भी लटककर प्रेक्टिस करते हैं। मंगलवार सुबह कई अन्य खिलाड़ी भी पोल पर लटके थे। लेकिन हार्दिक के साथ यह हादसा हो गया। लाखन माजरा थाना के एसएचओ समरजीत सिंह ने बताया कि बास्केटबॉल की प्रैक्टिस करते समय पोल गिरने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया था। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहां पर लगाए गए सीसीटीवी की फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। पुलिस ने बीएनएस 194 के तहत कार्रवाई की है।

सीसीटीवी का सहारा : नहर की पटरी पर मिला था महिला का शव, माथे में मारी गई थी गोली

## पहचान की कवायद तेज, प्रदेश में खंगाला जा रहा थानों का रिकार्ड

हर जिले की पुलिस को व्हाट्सएप पर भेजे मैसेज

*पुलिस ने पूरे प्रदेश की जिला पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज और फोटो भेजे है। इसके अलावा ग्रामीण प्रतिनिधियों और पार्षदों की मदद ली जा रही है। अभी तक पांच सौ से अधिक लोगों से शिनाख्त के लिए जांच पड़ताल की है।*

*पांच सौ से अधिक लोगों से शिनाख्त के लिए जांच पड़ताल की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिवाजी कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित जवाहर लाल नेहरू नहर की पटरी पर महिला का शव मिलने के मामले में दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने पूरे प्रदेश की जिला पुलिस के व्हाटसएप ग्रुप में मैसेज और फोटो भिजवाया है। इसके अलावा ग्रामीण प्रतिनिधियों और पार्षदों की मदद ली जा रही है। पुलिस ने अभी तक पांच सौ से अधिक लोगों से शिनाख्त के लिए जांच पड़ताल की है। इसके अलावा नहर की पटरी पर सैर करने आने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। देर रात तक पुलिस महिला की पहचान नहीं करवा पाई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सोमवार को सूचना मिली कि जेएलएन की पटरी पर एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जिसके माथे में गोली मारकर हत्या की गई है।



रोहतक। पीजीआई में शव की जांच पड़ताल करने पहुंची एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया।

### शिनाख्त करवाने के कर रहे प्रयास

नहर की पटरी पर मिले महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतका के पास भी कोई ऐसी चीज नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान की जा सके। घटनास्थल के आसपास भी पुलिस ने जाकर पूछताछ की गई है और थानों में भी फोटो पहचान के लिए भेजी हुई है।

-राकेश सैनी, एसएचओ शिवाजी कॉलोनी

### एफएसएल इंचार्ज ने भी की पड़ताल

सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी एसएचओ राकेश सैनी ने मौके का निरीक्षण कर सबूत जुटाए। मौके पर खून बिखरा पड़ा था लेकिन मौके से कोई पहचान पत्र, मोबाइल या पर्स नहीं मिला, जिसकी वजह से महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई। महिला की उम्र करीब 30 साल है। एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी जांच पड़ताल की है।

### लापता महिलाओं का डाटा खंगाला

पुलिस ने महिला का शव बरामद होने के बाद से ही सोनीपत, बहादुरगढ़, झज्जर, भिवानी, हिसार, जींद सहित कई जिलों की पुलिस से संपर्क साधा है। पुलिस अलग-अलग थानों में दर्ज लापता महिलाओं का रिकार्ड भी खंगाल रही है। अभी तक किसी परिवार ने पुलिस से संपर्क नहीं किया है।

### पुलिस ने कई लोगों से की पूछताछ

मृतका के सिर में गोली लगी हुई है, जिसके कारण पूरे चेहरे पर खून लगा हुआ है। युवती की हत्या के पीछे क्या कारण रहा, किसने और क्यों हत्या की, इन सवालों का पुलिस जवाब तलाश रही है। पुलिस अभी यह भी स्पष्ट नहीं कर पाई कि महिला की हत्या नहर पर की गई है या फिर कहीं और हत्या कर उसे यहां फेंका गया है। मौके पर जाकर पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की है।

**पुलिस ने कैमरे खंगाले:** पुलिस पिछले दो दिन से नहर की तरफ जाने वाले वाहनों की पड़ताल की जा रही है। शाम से लेकर रात और सुबह तक आने जाने वाले वाहनों की रिकार्डिंग चैक की जा रही है कि कहीं कोई आरोपी वाहन लेकर नहर की तरफ तो नहीं गया। पुलिस को उम्मीद है कि कैमरों से कोई सुराग जरूर मिलेगा।

मनी लान्ड्रिंग का झूठा केस दिखाकर फ्रॉड

## 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

जिला पुलिस की साइबर थाना की टीम ने मनी लॉनड्रिंग का झूठा केस दिखाकर करीब 10 लाख रुपये की हुई धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को पेश अदालत किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

प्रभारी थाना साइबर क्राईम निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि हाल पीजीआईएमएस हॉस्टल में रहने वाली प्रीति की शिकायत के आधार पर केस दर्ज जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अगस्त में प्रीति के पास फोन आया जिन्होंने अपने आप को टेलीकॉम अथॉरिटी इंडिया से बताया। उन्होंने प्रीति को कहा कि उसके आधार कार्ड से लड़कियों को परेशान किया जा रहा है जिस कारण अगले 2 घंटे मे प्रीति का मोबाइल नम्बर बंद हो जाएगा। उन्होंने प्रीति को मोबाइल नम्बर देकर आधार कार्ड पर का गलत प्रयोग की शिकायत करने बारे कहा। प्रीति ने उनके अनुसार दिए गए मोबाइल नम्बर पर कॉल किया तो उन्होंने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड व अन्य कागजात मिले हैं जो मनी लॉनड्रिंग मे प्रयोग हो रहे हैं। जिसके कारण आपके खिलाफ मुंबई कुलाबा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) पर जारी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में आज दूसरे दिन विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के संकाय सदस्य प्रो. दीपक बिसला ने 'सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी' विषय पर व्याख्यान दिए। प्रो. बिसला ने शिक्षा में आईसीटी के बढ़ते महत्व, मूकस के विकास और शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईसीटी किस प्रकार एनईपी-2020 के ढांचे के साथ संरेखित है और शैक्षिक परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता क्या है। दिन का एक प्रमुख आकर्षण प्रो. बिसला द्वारा संचालित व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र था, जिसके दौरान उन्होंने विभिन्न एआई उपकरणों और आईसीटी अनुप्रयोगों के उपयोग का प्रदर्शन किया।

उपलब्धि | प्रदेश के होनहार प्रोड्यूसर-डायरेक्टर के तौर पर स्वयं को स्थापित किया

## सुपवा के पूर्व छात्र हरिओम कौशिक, इफ्फी गोवा की प्रतिष्ठित जूरी में हुए शामिल

*कलाकारों को तराशने के साथ विरासत को कर रहे है मजबूत*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) के पूर्व छात्र और मेंटर, हरिओम कौशिक को देश के सबसे जाने-माने फ़िल्म फ़ेस्टिवल में से एक, इंटरनेशनल फ़िल्म फ़ेस्टिवल ऑफ़ इंडिया गोवा की प्रीव्यू कमेटी जूरी का मेंबर बनाया गया है। यह उनका दूसरा ऐसा मौका है, इससे पहले वे 2022 में भी कमेटी में शामिल थे।

2012 बैच के एक प्रतिभाशाली छात्र हरिओम कौशिक ने तेजी से खुद को हरियाणा के सबसे होनहार प्रोड्यूसर-डायरेक्टर में से एक के तौर पर स्थापित किया है। उनके काम में एक दमदार सिनेमाई आवाज दिखती है जो रीजनल फ़िल्ममेकिंग के स्टैंडर्ड को लगातार ऊपर उठाती रही है। अपने क्रिएटिव विजन और निष्ठा से, वे हरियाणा सिनेमा का भविष्य बनाने वाले एक अहम व्यक्तित्व के तौर पर उभरे हैं। हरिओम ओम कौशिक फिल्म्स के फाउंडर भी हैं, जो एक बड़ा प्रोडक्शन हाउस है, जिसके प्रोजेक्ट्स को राष्ट्रीय मंचों पर तारीफ मिली है।

कहानी कहने और बेहतरीन काम के लिए उनके कमिटमेंट ने हरियाणा की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर लाने में मदद की है, जिससे इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में राज्य की बढ़ती पहचान में और इज़ाफा हुआ है।

यह कामयाबी डीएलसी सुपवा के लिए गर्व का एक बड़ा पल है, जो इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेहतरीन काम करने वाले कलाकारों को तराशने की यूनिवर्सिटी की विरासत को और मज़बूत करता है।

### कुलपति डॉ. अमित आर्य ने दी बधाई

डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने हरिओम को इस कामयाबी पर बधाई देते हुए कहा, यह सुपवा के लिए गर्व की बात है कि हमारे पुराने छात्र और मेंटर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। हरिओम कौशिक की यह कामयाबी युवा फिल्ममेकर्स को प्रेरित करेगी। हमारा मकसद है कि हमारे छात्र अपने काम से देश और विदेश में अपना नाम बनाएं, और विश्वविद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। हरिओम कौशिक ने इस सम्मान को स्वीकार करते हुए कहा, इफ्फी प्रीव्यू कमेटी का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य और ज़िम्मेदारी दोनों है। सुपवा ने मेरे रचनात्मक आधार को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है, और मैं कुलपति डॉ. आर्या का उनके लगातार भरोसे और सहयोग के लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि मेरी यात्रा हरियाणा के आने वाले फिल्ममेकर्स को बिना डरे अपने पैशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

चिकित्सा संस्थानों में रैगिंग को गंभीर कदाचार माना

## पीजीआईएमएस में रैगिंग की तो चरित्र प्रमाणपत्र में होगा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



डॉ. अशोक चौहान

पीजीआईएमएस के डीन डॉ अशोक चौहान ने कहा कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है और इसके लिए पीजीआई में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी छात्र रैगिंग में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसकी डिग्री पूरी होने पर दिए जाने वाले कैरेक्टर सर्टिफिकेट में यह उल्लेख किया जाएगा कि वह रैगिंग में शामिल रहा है।

डॉ अशोक चौहान ने कहा कि पीजीआईएमएस में रैगिंग को रोकने के लिए एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है, जो इस तरह की घटनाओं पर नजर रखे हुए और कोई भी घटना होने पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहना चाहिए।

डॉ अशोक चौहान ने कहा कि पीजीआईएमएस में रैगिंग को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और छात्रों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र रैगिंग की शिकायत करता है तो उसकी पहचान को गुप्त रखते हुए उसकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और दोषी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि उनका प्रयास है कि रैगिंग किसी भी प्रकार की ना हो जिससे सीनियर व जूनियर में प्यारभाव बना रहे।

### एंटी रैगिंग कमेटी गठित

निदेशक डॉ. सुरेश सिंघल ने बताया कि एंटी रैगिंग कमेटी में चेयरमैन के तौर पर डॉ.आरएस चौहान व सदस्य डॉ. विपिन घरसा, डॉ. उर्मिल चावला, डॉ. अर्पणा परमार, डॉ. हरनीत सिंह, डॉ. नवीन खत्री, डॉ. अंतरिक्ष, एडीए डॉ. नीरज सैनी, प्रो. सुनीता, डॉ. योगेश, संगीता, अंजू, अनिता, रामभज को शामिल किया गया है।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।'

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला

# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैच: किल ज़ोन: इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

***मुंबई।*** *हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप



### ड्रॉइंग बैच-2 के लिए कला कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** हरियाणा द्वारा मंडल स्तरीय प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक ड्रॉइंग बैच-2 के लिए आयोजित कला कार्यशाला का दूसरा दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक के सक्रिय निरीक्षण में सुनिश्चित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को पारंपरिक और समकालीन कला शैलियों के नवीनतम तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाना है।

### श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण पर दौड़ी खुशी की लहर

**रोहतक।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित धर्म ध्वजारोहण उत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के जिला सह-मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षण भारतीय समाज के लिए अत्यंत ऐतिहासिक, भावनात्मक और गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद भव्य श्रीराम मंदिर भारत की संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय गौरव का भव्य प्रतीक बनकर सामने आया है।

### टाऊन पार्क पर सीसीटीवी लगवाने की उठाई मांग

**महम।** चौबीसी चबूतरे के पास स्थित हुडा टाऊन पार्क महम शहर का सबसे बड़ा पार्क है। यहां पर सुबह शाम सैर के लिए काफी संख्या में लोग आते हैं। पार्क के गेट पर वाहनों का खड़ा करके अंदर चले जाते हैं। कई बार यहां से वाहन चोरी की वारदात हो चुकी हैं। स्थानीय नागरिक हरियाणा बिजली बोर्ड से सेवानिवृत एसडीओ किताब सिंह ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से यहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग की है। किताब सिंह ने कहा है कि पार्क के मेन गेट के पास एक मंदिर है, यदि मंदिर पर कैमरा लग जाए तो मंदिर और पार्क दोनों को कवर करेगा। सीसीटीवी कैमरा लगने से वाहन चोरी की घटनाएं नहीं होंगी।

### शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित

**रोहतक।** भूगोल विभाग की स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी ने गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर जी के जीवन-मूल्यों, साहस और सर्वोच्च बलिदान के बारे में जागरूक करना था। प्रो. वसक्का ने गुरु तेग बहादुर की शहादत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता, मानव अधिकारों और शांति के संरक्षण हेतु अपने प्राण न्यौछावर किए।

# साहस, त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं गुरु तेग बहादुर : मनीष ग्रोवर

- रोहतक से 100 से अधिक बसें साध-संगत को कुरुक्षेत्र के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए रोहतक जिले से 100 से भी अधिक बसों में साध-संगत को रवाना किया गया। गुरुद्वारा बांग्ला साहब से उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल तथा एसडीएम आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इन बसों को ज्योतिसर के लिए भेजा। इस अवसर पर सभी गणमान्यों ने गुरु ग्रंथ साहब के समक्ष मत्था टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि साहस और त्याग के प्रतीक गुरु तेग बहादुर ने धर्म की स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस न्याय, समानता और सच्चाई के लिए खड़े होने की प्रेरणा देता है। गुरु तेग बहादुर को निडरता, अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक के रूप में विश्वभर में जाना जाता है। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। हर वर्ष शहीदी दिवस का अवसर गुरु के आदर्शों को आत्मसात करने, उन्हें स्मरण करने और दूसरों को प्रेरित करने का प्रतीक है। यह अत्यंत गर्व का विषय है कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा सिरसा, पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद से चल रही चारों शहीदी यात्राओं की संगत और संत महापुरुष भी ज्योतिसर में एकत्रित हो रहे हैं। कार्यक्रम में भारी उत्साह और आस्था दिखाई दे रही है। इस अवसर पर चेयरमैन अशोक चौधरी, अनीता मिगलानी, अमित मग्गू, धीरज चावला, विकास बंसल, कुलविंदर सिक्का, मुकेश शर्मा, मीना अटकाण सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।



रोहतक। गुरुद्वारा बांग्ला साहब में लंगर में प्रसाद ग्रहण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व भक्तजन।



रोहतक। कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल तथा एसडीएम आशीष कुमार। फोटो : हरिभूमि

### बोले पूर्व मंत्री

गुरुद्वारा बांग्ला साहब से उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल तथा एसडीएम आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इन बसों को ज्योतिसर के लिए भेजा। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि साहस और त्याग के प्रतीक गुरु तेग बहादुर ने धर्म की स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' को लेकर की गई विस्तार से चर्चा

# एमडीयू खेल उड़ान : 1.25 करोड़ के नगद पुरस्कार देंगे शिक्षा मंत्री

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-खिलाड़ियों, कोचों एवं प्रबंधकों को नकद पुरस्कारों से नवाजा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की खेल परिषद की वार्षिक बैठक मंगलवार को कुलपति प्रो राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्राचार्या, वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ बैठक में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ. राजवंती शर्मा, खेल परिषद की सचिव एवं निदेशिका, खेल डॉ. शकुंतला बेनिवाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शारीरिक शिक्षा विभागों के शिक्षक-सदस्य उपस्थित रहे।

### 16 एजेंडों पर चर्चा की

बैठक में कुल 16 एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उस पर की गई अनुपालन रिपोर्ट पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात 2025-26 सत्र के लिए एमडीयू स्पोर्ट्स काउंसिल के वार्षिक बजट (आय एवं व्यय) पर विचार कर इसे अनुमोदित किया गया, जिसके अंतर्गत अंतर-महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं, कोचिंग कैंपों तथा अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भागीदारी से संबंधित व्ययों का प्रावधान किया गया है।सत्र 2024-25 की खेल गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट तथा अस्थायी अग्रिमों के ऑडिटेड विवरणों को भी परिषद के समक्ष रखा गया और उनकी स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय टीमों के लिए ट्रैक सूट, किट बैग तथा मैदान कर्मियों के लिए वर्दी के क्रय एवं भत्तों में यथोचित संशोधन संबंधी प्रस्तावों पर भी सहमति बनी, ताकि खिलाड़ियों, प्रबंधकों, कोचों एवं सहायक स्टाफ को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एमडीयू का लक्ष्य अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलों में भी अग्रणी बने रहने का है, और खेल परिषद के निर्णय विवि की खेल संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। अध्यक्ष डॉ. राजवंती शर्मा एवं निदेशिका, खेल डॉ. शकुंतला बेनिवाल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा व्यक्त की कि लिए गए निर्णयों से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और एमडीयू राष्ट्रीय एवं अंतर-विवि स्तर पर और अधिक उपलब्धियाँ हासिल करेगा।



**रोहतक।** खेल परिषद की सचिव एवं निदेशिका, खेल डॉ. शकुंतला बेनिवाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य की बैठक लेते कुलपति प्रो राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### नकद पुरस्कारों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्व विश्वविद्यालय खेलों तथा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में एमडीयू के खिलाड़ी भाग लेने पर उनके व्यय की समुचित प्रतिपूर्ति की जाएगी। सत्र 2024-25 के लिए कुल एवं विभिन्न वर्गों की समग्र ट्रॉफियों के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-खिलाड़ियों, कोचों एवं प्रबंधकों हेतु नकद पुरस्कारों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। साथ ही, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा एमडीयू को आवंटित अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के सुचारु आयोजन तथा 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' में एमडीयू कंटिजेंट की भागीदारी हेतु आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

### वार्षिक खेल कैलेंडर भी बैठक में पारित

खेल परिषद की कार्यकारी समिति द्वारा अनुशंसित 2025-26 का वार्षिक खेल कैलेंडर भी बैठक में पारित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न टीम खेलों एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के आयोजन की समय-सारणी निर्धारित की गई है। साथ ही चयन समितियों एवं क्लब समितियों के अध्यक्षों तथा सदस्यों के नामों को भी औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सम्पन्न हो सके।



## स्वच्छता अभियान के तहत छोटूराम विधि संस्थान का जागरूकता मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छोटूराम विधि संस्थान ने स्वच्छता अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। स्टाफ और छात्रों ने मिलकर राजेन्द्र नगर, छोटूराम नगर, आजाद गढ़, में स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचाया। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव जून ने रैली का शुभारंभ करते हुए कहा स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है, आइए मिलकर स्वस्थ समाज बनाएं। लोगों को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त जीवन और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।



रोहतक। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि एसडीएम उत्सव आनंद।

## दो दिवसीय एग्जिबिशन गैलरी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में छोटूराम की याद में दो दिवसीय एग्जिबिशन गैलरी लगाई गई। जो कि मंगलवार को संपन्न हो गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम उत्सव आनंद रहे। उन्होंने सर छोटूराम के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। अतिथि ने सार्थक प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्राओं में रचनात्मक, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझ को विकसित करती है। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# स्कूलों में उपलब्ध टैबलेट की स्थिति अब मीस पोर्टल पर होगी अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में उपलब्ध टैबलेट्स की रिपोर्ट ऑनलाइन भरने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए मीस पोर्टल पर 'करंट टैब स्टेटस' नाम से नया मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें स्कूलों और डीआईईटी में उपलब्ध सभी टैबलेट्स की स्थिति दर्ज करनी होगी। निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार सभी स्कूलों को 2 दिसंबर 2025 तक यह जानकारी अनिवार्य रूप से मीस पोर्टल पर भरनी है। इसके लिए चरणबद्ध दिशा-निर्देश भी सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए हैं।

### हेल्पडेस्क 0172-5049801 पर करें संपर्क

स्कूलों को टैबलेट की संख्या, कार्यशील स्थिति, खराब या रिपेयर की आवश्यकता वाले टैब, और उपयोग की स्थिति से संबंधित सभी विवरण अपडेट करने होंगे। यदि किसी स्कूल को जानकारी भरने में कोई तकनीकी समस्या आती है तो वे मीस हेल्पडेस्क 0172-5049801 पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य दिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

**दिलजीत, डीईईओ, शिक्षा विभाग**

# वैश्य पब्लिक स्कूल में 85 विद्यार्थियों के नेत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। वैश्य पब्लिक स्कूल में 21 नवंबर 2025 से चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन जागरूक आंखें, सजग राष्ट्र थीम के तहत नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूल की प्राचार्या सुषमा, प्रधानाचार्या रितु बत्रा और प्रोग्राम अधिकारी विजेता शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

शिविर में पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने 85 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की। जिन बच्चों में दृष्टि दोष पाए गए, उन्हें चश्मे का नंबर दिया गया, जबकि पांच विद्यार्थियों को आगे की जांच के लिए मेडिकल कॉलेज, रोहतक भेजा गया। स्कूल के स्टाफ सदस्यों की भी आंखों की जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयां वितरित की गईं। नेत्र सुरक्षा, नेत्रदान और डायबिटीज से रेटिना पर होने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य नेत्र अधिकारी ने विद्यार्थियों और वालंटियर्स से नेत्रदान अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि डायबिटीज के मरीजों को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिए, क्योंकि समय पर जांच से दृष्टि हानि रोकी जा सकती है। नेत्रदान प्रेरक जगत सिंह गिल ने उपस्थित विद्यार्थियों को नेत्रदान की शपथ दिलवाई। प्रोग्राम अधिकारी विजेता शर्मा ने आई टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



रोहतक। एनएसएस शिविर के दौरान विद्यार्थियों के साथ पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# गुरप्रीत सिंह लडरा वाले ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया



**रोहतक।** गुरबाणी कीर्तन कर संगतो को निहाल करते भाई जसप्रीत सिंह बठिंडा वाले व भाई गुरप्रीत सिंह लडरा।



**रोहतक।** गुरबाणी कीर्तन सुनते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। आज 350 वाला शहीदी शताब्दी गुरुद्वारा बंगला साहिब पातशाही नोवी रोहतक में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शहीदी शताब्दी के संबंध में समागमों की लड़ी चल रही है। आज के समागम भाई मती दास भाई सती दास भाई दयाल की शहीदी को समर्पित जिसमें भाई जसप्रीत सिंह बठिंडा वाले , भाई गुरप्रीत सिंह लडरा वाले ने गुरबाणी कीर्तन कर संगतो को निहाल किया भारी गिनती में संगतो ने समागम का भाग लिया और गुरबाणी कीर्तन सुनकर अपना जन्म को सफल किया बाद में लंगर का भी आयोजन किया गया। और इसी तरह ही संगतो को बताया गया की 25 नवंबर को यहां पर विशेष प्रोग्राम शाम को करवाए जाएंगे आज के प्रोग्राम की सेवा हरियाणा से गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी समुह संगत व खुराना परिवार की ओर से की गई l इस मौके पर सरदार सिमरन सिंह खुराना ,अर्पण सिंह ,नानू ,गौरव छाबड़ा , स्टेज सैक्ट्री सरदार परमजीत सिंह इंचार्ज गुरुद्वारा सरदार पंजाब सिंह मौजूद रहे ।

## युवा शक्ति एवं संविधान जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

# संविधान को समझना, सम्मान देना और इसकी रक्षा करना हर नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य: आशा हुड्डा

- कार्यक्रम संविधान निर्माण, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के सम्मान में किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

युवा शक्ति एवं संविधान जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशा हुड्डा ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। इसे समझना, सम्मान देना और इसकी रक्षा करना हर नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और जब युवा जागरूक व संगठित होते हैं, तब समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता की मूल भावना और अधिक मजबूत होती है। कार्यक्रम संविधान निर्माण, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के सम्मान तथा चौधरी रणबीर सिंह की 111वीं जयंती को समर्पित रहा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी ने कहा संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ। युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों और देशहित की रक्षा के लिए आगे आना होगा। वहीं ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। जब समाज अपने दायित्वों को समझता है, तभी लोकतंत्र और मजबूत होता है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुरेश राठी रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी संगठनों, सामाजिक प्रतिनिधियों और नागरिकों का कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



### कार्यक्रम में ये उपस्थित रहे

मनीराम, अड़ी चन्द्र निम्बड़िया, ताराचंद बागड़ी, डॉ. मामराज स्वामी, निर्मला बलहारा , देवेन्द्र भारत, सुलभ गुगनानी, गीता भारती, कदम सिंह अहलावत, मोनू शर्मा, पंकज सचदेवा, सुनील बरक, जितेन्द्र वाल्मीकी, अनिल, बलजीत राणा, विशाल हुड्डा, अनुराग परवाना, संजय दलाल, विकास परमार, अमित गुलाटी, आरएस गौतम, राजीव अत्री, कविता शर्मा, पूनम बोहर, धनपति हुड्डा, सुशीला रानी, सुदेश हूडा, राजबाला हुड्डा, सुनीता मोन, कुलदीप मलिक, रोबिन सचदेवा।

## उपायुक्त ने खेती व किसानों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सभी पशुओं के स्वास्थ्य की गांवों में जाकर मेडिकल वैन से करेंगे जांच

मधुमक्खी पालकों को एक दिसंबर से 31 मई तक पंजीकरण करवाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किसानों को गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करवाया जाए तथा पानी की भी नियमित अंतराल पर जांच करवाई जाए ताकि किसानों को अच्छा उत्पादन प्राप्त हो। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। जिला मत्स्य अधिकारी आशा हुड्डा अहलावत ने कहा कि विभाग द्वारा प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करवाया जाता है तथा हर माह जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। विभाग इसके लिए अधिकारी जिला एकीकृत कार्य योजना तैयार करें। मंगलवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में मत्स्य विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की



लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

अध्यक्षता कर रहे थे।

सचिन गुप्ता ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। प्रदेश सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों को मधुमक्खी बॉक्स (बी बॉक्सिज) एवं मधुमक्खी कॉलोनिज (बी कॉलोनिज) पर 85 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को शहद का मार्केट में उचित भाव न मिलने के कारण नुकसान से बचाने व जोखिम खत्म करने के लिए सरकार द्वारा शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया है। मधुमक्खी पालक को मधुक्रांति पोर्टल व हनी ट्रेड सेंटर (एचटीसी पोर्टल) पर एक दिसंबर से 31 मई तक पंजीकरण करवाना होगा। लाभ प्राप्त करने के लिए प्रति मधुमक्खी पालक एक हजार बॉक्सों की अधिकतम सीमा तथा 120 रुपए प्रति किलोग्राम शहद का बेस प्राइस निर्धारित किया गया है तथा 30 किलोग्राम प्रति बॉक्स के हिसाब से प्रतिवर्ष 30 हजार किलोग्राम तक प्रति मधुमक्खी पालक बिक्री सीमा निर्धारित की गई है।

### भैणी सुरजन व भैणी महाराजपुर में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम करें शुरू

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की भूमि संरक्षण शाखा के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे महम खंड के भैणी सुरजन एवं भैणी महाराजपुर में भूमिगत जल स्तर को कम करने के लिए वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम शुरू करे। विभाग द्वारा सैलो सबमर्सिबल ड्रेनेज ट्यूबवेल के माध्यम से भूमिगत खारे पानी को पाइप लाइन के माध्यम से ड्रेन में डाला जाता है। विभाग द्वारा जलग्रस्त व लवणीय भूमि के सुधार के लिए यह वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम शुरू किया गया है। मायना, रिठाल नरवाल, किलोई खास व दोपाना, आसन, मोर खेड़ी, अटायल, समचाना व अजायब में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम शुरू करने के लिए टेंडर जारी किया गया है तथा अगले वर्ष गेहूं की कटाई के उपरांत इस कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।

### आबकारी नीति को सख्ती से करें लागू

जिला में आबकारी नीति की सख्ती से पालना की जाए। उन्होंने उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) के साथ मौजूदा वित्त वर्ष में प्राप्त राजस्व बारे जानकारी हासिल की। जिला में आबकारी नीति की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध 33 एफआईआर दर्ज करवाई गई है तथा 13 चालान किए गए है। बैठक में जिला मत्स्य अधिकारी आशा हुड्डा अहलावत, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. मदन लाल, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी नीना सहवाग, वन विभाग के रेंजर सुभाष चंद्र, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. नरेंद्र दहिया, कृषि विभाग के एसडीओ संदीप सिंह, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) संदीप दहिया एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पौधरोपण करवाएं

वन विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे जिला में वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें तथा सभी पौधों को जीवित रखें। विभाग द्वारा जिला की सडकों की सेंट्रल व्रज पर भी पौधरोपण करवाया जाए। विभाग द्वारा वैज्ञानिक तरीके से पेड़ पौधों की नियमित अंतराल पर कटाई-छंटाई सुनिश्चित की जाए।

सचिन गुप्ता ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विभाग द्वारा गांव स्तर पर जिला के सभी पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करवाई जाए। पशुपालकों को इन शिविरों की जानकारी दी जाए ताकि हर पशुपालक अपने पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करवा सके। विभाग की तीन मोबाइल वैन को भी पशुओं के स्वास्थ्य की जांच में लगाया जाए। जिला में लगभग एक लाख 68 हजार भैंस, लगभग 67 हजार गाय, 11-11 हजार से अधिक भेड़ व बकरियां तथा लगभग 6800 सुअर हैं। टीकाकरण के तहत सभी पशुओं का टीकाकरण करवाया जाए। अब तक जिले में 76 प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण करवाया जा चुका है।

## खबर संक्षेप




### एमडीयू की बैडमिंटन टीम क्वार्टर फाइनल में

**रोहतक।** जयपुर में आयोजित पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक की बैडमिंटन महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में एमडीयू की टीम ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए हराया। टीम की इस महत्वपूर्ण जीत के बाद कोच विजय कुमार, टीम प्रबंधक शशि बाला और विश्वविद्यालय खेल दल के मुख्य अधिकारी तेजपाल ने खिलाड़ियों को बधाई दी। अधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और टीम वर्क के साथ खेलते हुए यह सफलता हासिल की है। मुख्य अधिकारी तेजपाल ने क्वार्टर फाइनल के लिए खिलाड़ियों को विशेष रणनीति के साथ खेलने की सलाह दी और कहा कि टीम में जीत का जज्बा और ऊर्जा देखते ही बनती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम आगामी मैचों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम करेगी। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर की शीर्ष विश्वविद्यालय टीमें हिस्सा ले रही हैं, ऐसे में एमडीयू की महिला टीम का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी टीम को आगे के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



### एचएसवीपी में ऑनलाइन सेवाओं का प्रशिक्षण दिया

**रोहतक।** गुरुग्राम स्थित हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (हिपा) द्वारा स्थानीय डीटीसी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के अधिकारियों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं और पोर्टलों के क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा तथा डीटीसी के सेवानिवृत्त प्राचार्य डी.एन. चहल ने किया। कार्यशाला में विभाग के कुल 37 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रतिभागियों को जन शिकायत निवारण प्रणाली, सुशासन के सिद्धांत, सीएम विंडो, सीपीग्राम्स, सरल पोर्टल और सेवा का अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर सरकारी सेवाओं का लाभ आमजन तक आसानी से पहुंचाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जन शिकायतों का त्वरित समाधान करने और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण से विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार की उम्मीद जताई गई।




### इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक बसंत कुमार ने प्राचार्य महोदय का स्पोर्ट्स बोर्ड सदस्यों के साथ मिल पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। महर्षि दयानंद विश्विद्यालय द्वारा इस वर्ष इस प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने का दायित्व राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक को सौंपा गया है। मंगलवार इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक की टीम ने महिला महाविद्यालय लाखनमजरा को हराया तथा दूसरे मुकाबले में टीका राम सोनीपत की टीम ने यू टी डी की टीम को शिकस्त दी। इस अवसर पर डॉ बिंदु हुड्डा, डॉ सूरजमुखी, डॉ योगेश, डॉ नीरज बसंत कुमार, डॉ संजय जिंदल, डॉ जोगिंदर, डॉ फूल कुमार, डॉ सुमन, मंदीप, कोच सरवन सिंह परमेंद्र डॉ दीपक डॉ ज्योति मास्टर विजय डॉ चैन सिंह व कई महाविद्यालयों से खिलाड़ी छात्राएं उपस्थित रही। महाविद्यालय प्राचार्य ने जितने वाली टीमों एवं इंचार्ज को शुभकामनाएं दी।




### हिंदू कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

रोहतक। श्रीलालनाथ हिंदू कॉलेज में मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक यात्रा का नेतृत्व भ्रमण प्रभारी डॉ. वंदना रंगा ने किया। इसमें कॉलेज के 61 विद्यार्थी और 10 शिक्षकों का दल शामिल हुआ, जिन्होंने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारतीय व्यापार मेला 2025 का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने मेले में विभिन्न राज्यों और विभागों के मंडपों का अवलोकन किया तथा आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप, व्यापार, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विविधता से जुड़े प्रदर्शनों को देखकर अपने ज्ञान में महत्वपूर्ण वृद्धि की। मेले में विभिन्न थीम आधारित पवेलियनों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। दल को रवाना करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। यात्राएं जीवन की महत्वपूर्ण सीख देती हैं और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. वंदना रंगा, डॉ. संदीप काद्यान, डॉ. नीलम राठी, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. रितु, डॉ. मनीषा, मिस ललिता हुड्डा, संजीव और मोहित सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार की ओर से इस भ्रमण को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया।

### पार्षद मीना ने करवाया हनुमान चालीसा का पाठ

**महम।** महम नगर पालिका की मनोनित पार्षद मीना बाल्मीकि ने मंगलवार शाम को अपने कार्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। चालीसा पाठ में शहर के श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी। इस दौरान मीना बाल्मीकि ने श्रद्धालुओं को अपने घरों और प्रतिष्ठानों में हनुमान चालीसा पाठ करवाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से मानसिक शांति मिलती है। शारीरिक बल और बुद्धि में वृद्धि होती है। भय और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। सुख समृद्धि आती है और नकारात्मकता दूर होती है। शहर की मामराजपुरा कॉलोनी में भी हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया। यहां पर भी श्रद्धालु हनुमान जी के भजनों पर जमकर झूमे। इस मौके पर नरेंद्र रल्हन, वेदप्रकाश धवन, रमेश खटीक, सतपाल सढाना, सुखबीर गोयत व सोनू खेड़ी समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# स्वच्छ व समुचित पेयजल सुनिश्चित करें : डीसी

- नहर से सोनीपत स्टैंड जलघर तक साढ़े चार किलोमीटर लंबी लोहे की पाइपलाइन बिछाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना प्रशासन की प्रथम प्राथमिकता है। मंगलवार को कैंप कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

उपायुक्त ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। इसके तहत जवाहर लाल नेहरू नहर से लेकर सोनीपत स्टैंड स्थित जलघर तक लगभग साढ़े चार किलोमीटर लंबी लोहे की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लगभग 26.65 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना से नहर के पानी को पंपिंग के माध्यम से सीधे प्रथम जलघर तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद खुले नाले की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे जल प्रदूषण की समस्या भी खत्म होगी।

### जल्द होंगे टेंडर

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के एस्टीमेट स्वीकृत हो चुके हैं, उनके टेंडर तुरंत जारी किए जाएं। वहीं जिन प्रस्तावों पर स्वीकृति लंबित है, उनका पूर्ण विवरण तैयार कर सरकार को भेजा जाए ताकि प्रक्रिया को तेज किया जा सके। उन्होंने सिंचाई विभाग को नहरों की सफाई करवाने तथा जलघरों को अधिकतम मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डी प्लान के अंतर्गत आने वाले कार्यों का विवरण भी प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने के लिए कहा। बैठक में सिंचाई विभाग के एसई बलराज चौहान, एक्सईएन अरुण मुंजाल, राजीव राठी और संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। प्रथम जलघर पर स्टील का नया एसएस टैंक भी बनाया जाएगा, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और आपूर्ति अधिक सुचारू हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि रैनकपुरा में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बूस्टिंग स्टेशन बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। वहीं सलारा मोहल्ला में 1.80 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित बूस्टिंग स्टेशन का एस्टीमेट तैयार कर मंजूरी के लिए सरकार को भेज दिया गया है।

### गीता जयंती महोत्सव के लिए जत्था रवाना



**रोहतक।** लाखनमाजरा क्षेत्र से गीता जयंती महोत्सव में शामिल होने के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में आसपास के गांवों से आई बसों को लाखनमाजरा गुरुद्वारे से हरी झंडी दिखाकर कुरुक्षेत्र के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतबीर राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसबीर (जस्सू) राठी, मंडल महामंत्री अजीत सिंह, मंडल सचिव एवं ब्लॉक समिति सदस्य अनिल राठी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललिता शर्मा, मंडल आईटी प्रमुख समीर नागर सहित अनेक पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त जय सिंह, संतोष, कविता, बाला, मोनू सुहान, पं. उमेश, भूपेंद्र ढुल, सचिन मोरवाल, सोनू राठी, सन्नी सुहान, अमन, विक्रांत, आशीष चहल, अखिल ढाका आदि ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### गीता जयंती की तैयारियों का लिया जायजा



**रोहतक।** पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला परिसर की संपूर्ण साज-सज्जा और मरम्मत कार्य 26 नवंबर की शाम तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए ताकि यहां 29 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन भव्य और सफल हो सके। उपायुक्त मंगलवार शाम अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अधीक्षक कर्मवीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य अधिकारियों के साथ रंगशाला परिसर का निरीक्षण कर रहे थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त और सुंदर स्थल है, इसलिए नगर निगम इसका उचित रखरखाव सुनिश्चित करे।

# जाट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एनएसएस शिविर में सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

जाट स्कूल में 19 नवंबर से 25 नवंबर तक आयोजित एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन अवसर पर "सुनो नहरों की पुकार" मिशन के संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे, जहां उनका विद्यालय प्रशासन और स्वयंसेवकों द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण और जल प्रदूषण रोकने की शपथ दिलाई।

मिशन के वरिष्ठ सदस्य साहब सिंह धामड़ ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक संदेश देते हुए छात्रों को पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें पेड़ बनने तक सुरक्षित रखने की अहम जिम्मेदारी समझाई। धावक रणबीर मलिक ने खिलाड़ियों के जीवन में जल के महत्व को व्यावहारिक उदाहरणों सहित समझाया और "सुनो नहरों की पुकार" मिशन की कार्यशैली तथा उसके सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

जाट कॉलेज की ओर से गणतंत्र दिवस शिविर 2025 का हिस्सा रहे हिमांशु अहलावत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की संरचना, अवसरों और भविष्य में इसमें उपलब्ध संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका कुमकुम जांगड़ा ने नशामुक्ति पर प्रभावशाली बात रखते हुए छात्रों को व्यवहारिक उदाहरणों द्वारा जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को नशे के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए।

सत्र 2022-23 के राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक जतीन मलिक ने रक्तदान जागरूकता, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तोमर और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेखा मलिक ने मिशन टीम और सभी अतिथियों का कैंप में आने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर मिशन के सदस्य अजय हुड्डा, महक और विद्यालय के स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाए मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### फैशन व लाइफस्टाइल डिपार्टमेंट के 7वें सेमेस्टर की ज्यूरी

# कलेक्शन में दिखी समकालीन फैशन सोच और नवाचार

- 14 विद्यार्थियों ने छह प्रमुख विषयों पर दिखाया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** सुपवा में अपनी प्रजेंटेशन देती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के फ़ैशन एवं लाइफस्टाइल विभाग में मंगलवार को सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ज्यूरी आयोजित की गई। कुल 14 विद्यार्थियों ने छह प्रमुख विषयों- सस्टेनेबल डिजाइन, विज़ुअल मर्चेंडाइजिंग, डिजाइन मैनेजमेंट, ब्रांड स्टडीज़, पोर्टफोलियो डिज़ाइन, डिज़ाइन कलेक्शन तथा समर ट्रेनिंग में अपने कार्य प्रस्तुत किए। डिजाइन कलेक्शन और सस्टेनेबल डिज़ाइन के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए, जो गहन शोध, सामग्री-प्रयोगों और रचनात्मक अन्वेषण पर आधारित थे। इन कलेक्शनों में समकालीन फैशन सोच, नवाचार और क्राफ्ट एकीकरण की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

डिज़ाइन मैनेजमेंट और ब्रांड स्टडीज़ में विद्यार्थियों ने विभिन्न कंपनियों के लिए विकसित ब्रांडिंग, उपभोक्ता विश्लेषण, बाज़ार स्थिति निर्धारण और रणनीतिक संप्रेषण से संबंधित अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए।

विज़ुअल मर्चेंडाइजिंग खंड में विद्यार्थियों ने डिस्प्ले और विंडो इंस्टॉलेशन प्रस्तुत किए, जो रिटेल और लग्ज़री सेक्टर में आवश्यक कौशलों को दर्शाते हैं। अंतिम सेमेस्टर में विद्यार्थी देश की अग्रणी डिज़ाइन और लाइफ़स्टाइल कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग करेंगे। ज्यूरी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश रंगा ने की, जबकि स्वाति मिश्रा, क्रिएटिव डायरेक्टर एवं को-फ़ाउंडर- मजेस्टिक डिज़ाइन, ने एक्सटर्नल एक्सपर्ट के रूप में मूल्यांकन किया।

स्वाति मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा-विद्यार्थियों की अवधारणा-शक्ति, स्पष्ट सोच और उत्कृष्ट निष्पादन देखकर अत्यंत खुशी हुई। सस्टेनेबिलिटी, ब्रांडिंग और विज़ुअल स्टोरीटेलिंग की उनकी समझ प्रभावशाली है। सुपवा के ये युवा डिज़ाइनर भविष्य के फैशन और लाइफ़स्टाइल उद्योग में नई दिशा देंगे।

### अनाज मंडी में दी श्रम कानूनों की जानकारी

**रोहतक।** श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, रोहतक ने मंगलवार को अनाज मंडी, कलानौर में श्रमिकों के कल्याण हेतु विशेष कानूनी जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश चेयरमैन निरजा कुलवंत कलसन तथा सीजेएम सचिव डॉ. तरन्नुम खान के आदेशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं मुख्य वक्ता राजबीर कश्यप, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसल ने श्रमिकों को चार नए श्रम संहिताओं—वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य-परिस्थितियां संहिता—की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये नए कानून पुराने 29 श्रम कानूनों को समाहित कर बनाए गए हैं, जिससे श्रमिकों के अधिकारों का संरक्षण और अधिक प्रभावी हुआ है। उन्होंने श्रमिकों को वेतन, सुरक्षा, दुर्घटना संरक्षण, शिकायत निवारण तंत्र, कर्मचारी लाभ और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता साहिल, पीएलवी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।